दिनांक : 12.06.2024 **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संकेत धुन

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं ...राना शाहिद ...

संसद सत्र

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ, अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा के दो सौ 64वें सत्र की शुरूआत भी इस महीने की 27 तारीख को शुरू होगा और आगामी संसद सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री, किरेन रिजिजू ने कहा देश की जनता निर्णय ले चुकी है और अब देश की सेवा के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। श्री रिजिजू ने कहा कि एक सौ चालीस करोड भारतीय की आकांक्षाओं को पूरा करने की चर्चा के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

शिवपुरी जिले में बारिश का पानी सहजने की अनोखी पहल शुरू की गई है। जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पानी की एक एक बूँद को सहेजने के उद्देश्य से शिवपुरी जनपद की सरकारी भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम करवाया गया है। इससे अब सरकारी भवनों की छत से पानी सीधे भूमि में जाएगा। जिससे भू–जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी। शिवपुरी जनपद पंचायत के सीईओ गिर्राज शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण में शिवपुरी जनपद की सभी 74 पंचायतों के कम से कम एक शासकीय भवन एवं जनपद परिसर में एकसाथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग करवाई गयी। शिवपुरी जनपद में इसके लिए सबसे पहले जनपद के समस्त इंजीनियर एवं मैदानी अमले की एक कार्यशाला करवाई गई और इसके बाद इन्हें प्रशिक्षित किया गया। इसी तरह आगरमालवा जिले की सभी नगरीय निकायों और पंचायतों में जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु व्यापक स्तर पर कार्य किये जा रहे है इसी कड़ी में जिले की ग्राम पंचायत श्यामपुरा में जनसहयोग से तालाब गहरीकरण कार्य किया जा रहा है, वही ग्राम पंचायत लोलकी में तलाई की मरम्मत की जा रही है उधर ग्राम रिंछी में भी तालाब की मरम्मत की जा रही है।

नए आपराधिक कानून

एक जुलाई से देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इन कानूनों के बारे में प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण देकर पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जानकारी दी जा रही है। बैतूल में महिला आरक्षक के प्रशिक्षण में शामिल हुई वर्षा नागले ने आकाशवाणी को बताया कि इस ट्रेनिंग में नए कानूनों के हर पहलू की जानकारी दी गई।

वर्षा नागले, प्रशिक्षु, महिला आरक्षक, बैतूल

बालश्रम निषेध

दुनियाभर में आज विश्व बालश्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों से मध्यप्रदेश को बालश्रम के अभिशाप से मुक्त बनाने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि " साक्षर बचपन, सशक्त राष्ट्र! मासूम बच्चों के कंधों पर श्रम का बोझ नहीं, किताबों से भरे बस्तों का सुख हो, तभी हमारे जीवन की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि हम सब संकल्प लें कि बालश्रम के अभिशाप से मुक्त मध्यप्रदेश बनायेंगे।"

मौसम

प्रदेश में अब धीरे–धीरे मानसून ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से आंधी, बारिश का दौर जारी है। कल धार में तेज बारिश हुई, जबकि 10 से ज्यादा जिलों में आंधी चली। मौसम विभाग ने आज भी आंधी–बारिश होने की संभावना जताई है। छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में ऑरेंज अलर्ट है। दूसरी ओर, टीकमगढ़, निवाड़ी, सिंगरौली में गर्म हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बुधवार को श्योपुरकलां, नीमच, मंदसौर, झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, शहडोल, अनूपपुर, डिंडोरी और अनूपपुर में आंधी, गरज–चमक की स्थिति रहने की संभावना जताई है। कल प्रदेश का रीवा जिला सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 44.6 डिग्री रहा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख नारा चंद्रबाबू नायडू ने आज कृष्णा जिले के केसरपल्ली आईटी पार्क में आंध्रप्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने उन्हें पद और गोपनीयता की दिलाई।
- आगरमालवा जिले के ग्राम करनालिया में आयोजित हुई कृषक संगोष्ठी में किसानों को एमपी किसान ऐप के माध्यम से पंजीयन करने, बीबीएफ विधि से बुआई एवं बीज दर तथा प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

- बैतूल कलेक्ट्रेट सभागार में आचार संहिता की अवधि समाप्त होने के बाद जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमे 151 प्रकरणों पर अधिकारियों ने संवेदनशीलता के साथ सुनवाई की।
- टीकमगढ जिले मे 23 से 25 जून तक पल्स पोलिया अभियान चलाया जाएगा। इस बार जिले मे 0–5 वर्ष के एक लाख 65 हजार 429 बच्चों को पोलियों दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- धार जिले के नालछा क्षेत्र के ग्राम काकलपुरा में मंगलवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला अमरीका से होगा। ये मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा।